बरेली, गुरुवार
11 सितंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण



# एसआरएमएस मेडिकल कालेज में बढ़ीं एमबीबीएस की 50 सीटें

जागरण संवाददाता, बरेली : गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और भरोसेमंद उपचार के लिए जाना जाने वाला एसआरएमएस मेडिकल कालेज मरीजों के उपचार में अब और भी योगदान देगा। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ाने की अनुमति मिलने से यहां मरीजों के इलाज के लिए 200 चिकित्सक समाज को रोग मुक्त करने के लिए तैयार होंगे। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कही।

डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने कहा कि एनएमसी ने चार वर्ष पहले नवंबर 2021 में एमबीबीएस की 50 सीटों की वृद्धि की थी। अब 10 सितंबर को एनएमसी ने पत्र भेज कर यहां एमबीबीएस की 50 सीटों की और भी वृद्धि की। इसके लिए उन्होंने एनएमसी और प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सीटों में वृद्धि कर एनएमसी और प्रदेश सरकार ने जनहित में फैसला किया है।



निदेशक आदित्य मूर्ति •